RAJ CHAHAL का वक्तव्य,

सदस्य, Santa Clara City Council के लिए उम्मीदवार, **सीट 4**

व्यवसाय: सैंटा क्लारा में व्यवसाय के स्वामी

शिक्षा एवं योग्यता:

एमबीए (वित्त, विपणन), एमएस भौतिकी

प्रिय सैंटा क्लारा निवासियों, मैं अपने आपको धन्य मानता हूँ कि 21 साल से सैंटा क्लारा में निवास करते हुए मैंने यहाँ अपना परिवार बसाया, सैंटा क्लारा में हाई टेक बिज़नेस शुरू किया और समुदाय को उसका अवदान वापस लौटाने की कोशिश की।

योजना आयोग, वास्तुकला की समीक्षा समिति, MCCF, और लाइब्रेरी फाउंडेशन में रहकर मुझे आपकी सेवा करने का मौका मिला जो कि एक शानदार अवसर और मेरे लिए विशेषाधिकार स्वरुप था। बॉयज़ स्काउट्स के स्काउटमास्टर, स्कूल साइट कौंसिल के सदस्य, और सैंटा क्लारा सिस्टर सिटीज़ के अध्यक्ष के रूप में मैंने छात्रों को नेतृत्व कौशल विकसित करने और उन्हें विश्व स्तर पर चिंतन करने वाला नागरिक बनाने में मदद की है। सिटी कौंसिल में आपका प्रतिनिधित्व करते हुए मैं अपने आपको सम्मानित महसूस करूँगा।

मैं स्मार्ट, संतुलित, और नियंत्रित विकास में विश्वास करता हूँ, जो कि हमारे मौजूदा पास-पड़ोस के साथ सामंजस्य रखता हो। मैंने हमारे समुदाय के साथ मिलकर हमारे Northside पुस्तकालय को खोलने और हमारे युवा फ़ुटबॉल पार्क को बचाने के लिए कड़ी मेहनत की है। मैंने अपने अभियान के लिए कॉरपोरेट्स का हित साधने वाले डॉलर नहीं लिए हैं इसी से आप यह भरोसा कर सकते हैं कि मेरे लिए निवासियों का हित ही सर्वोपरि होगा।

मेरी शिक्षा, मूल्यों और अनुभव ने मुझे आप के लिए, स्मार्ट विश्लेषणात्मक, स्वतंत्र, और आर्थिक रूप से व्यावहारिक निर्णय लेने के लिए तैयार किया है। Councilmember के रूप में, मै नगर सेवाओं, वरिष्ठ और युवा सेवाओं को बेहतर बनाने, और नेबरहुड की अखंडता की रक्षा के लिए निवासियों को जानकारी देता रहूँगा, उनसे परामर्श लूँगा और उन्हें शामिल करूँगा। मैं वादा करता हूँ कि आपका वोट मिलने पर मैं कौंसिल में निवासियों की ताकत को फिर से लौटा लाऊँगा।

www.rajforsantaclara.com